भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1112
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पवित्र तीर्थस्थल शबरीकोल्ला का विकास

†1112. श्री जगदीश शट्टरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक में बेलगावी जिले के रामदुर्ग तालुका में पवित्र तीर्थस्थल शबरीकोल्ला को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के उपायों पर विचार किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार /संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/ केन्द्रीय एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और ऐसी परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

कर्नाटक में बेलगावी जिले के रामदुर्ग तालुका में पवित्र, धार्मिक स्थल शबरीकोल्ला को पर्यटक केन्द्र के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

तथापि, मंत्रालय ने पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के अंतर्गत "बेलगावी में सौदत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास" नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है और "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के अंतर्गत "बेलागवी जिले में श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदत्ती, बेलगावी जिला" नामक एक परियोजना भी चिह्नित की है।

****